Daily News Activist

केनरा एचएसबीसी ने जारी की अध्ययन रिपोर्ट

बरेली। केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफकामर्स लाइफइंश्योरेंस कंपनी ने भारत में एचएसबीसी अध्ययन रिपोर्ट 'फ्यूचर ऑफरिटायरमेंट : दि पावर ऑफप्लानिंग' जारी किया है। पेश इस अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में दुनिया भर में पांच में एक व्यक्ति को मालूम नहीं होता है कि रिटायरमेंट के दौरान उनकी आय का मुख्य स्रोत क्या होगा ?

41 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक हद तक वे रिटायरमेंट के लिहाज से पूरी तरह तैयार नहीं हैं, 64 प्रतिशत लोगों ने माना कि वे इस बात से चिन्तित हैं कि खर्च चलाने में दिक्कत आएगी। यह सर्वेक्षण 17 देशों में किया गया। एशिया प्रशांत में ये दूसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ हैं और 74 प्रतिशत महसूस करते हैं कि वे अपने रिटायरमेंट से निपटने के लिए आर्थिक रूप से पर्याप्त तौर पर तैयार हैं। भारत में 51 प्रतिशत लोगों ने इस बात पर चिन्ता जताई कि बुढ़ापे में उन्हें खर्च चलाने में दिक्कत आएगी। भारत में 10 में एक व्यक्ति रिटायरमेंट के बाद भी अपनी कमाई के लिए काम करने की उम्मीद करता है। इससे पता चलता है कि रिटायरमेंट के प्रति आम आशावाद का नतीजा संतोष नहीं होना चाहिए। केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन होल्डन के मुताबिक भारत की स्थिति इस समय भाग्यशाली है और अपेक्षाकृत उच्च बचत दर है। इसके अलावा, तत्काल यहां जनसंख्या संबंधी कोई बड़ी चुनौती नहीं है। हालांकि, यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहेगी।